कार्य पत्र 18

कक्षा: 6　　　　विषय: हिंदी

अध्यापिका:- रेखा ठाकुर

पाठ-14 बारहमासा

लिखिए

1. **सही विकल्प पर ✓ का निशान लगाइए—**

   क. भादों में कौन डराता है— i. बादल ✓

   ख. रज़ाई में कौन छिपकर बैठे थे— iv. निक्की और रोज़ी ✓

2. **संक्षेप में उत्तर लिखिए—**

   क. राखी किसको बाँधी गई और बदले में क्या मिला?

   उ. नन्हे को राखी बाँधी गई और बदले में नीली चुन्नी मिली।

   ख. अगहन के दिनों में बच्चे दूर क्यों जाना चाहते थे?

   उ. अगहन के दिनों में बच्चे अपनी चिड़ियों की खोज-खबर लेने दूर जाना चाहते थे।

   ग. बाबू जी नए बरस में बच्चों को कहाँ भेजना चाहते थे?

   उ. बाबू जी नए बरस में बच्चों को पढ़ने भेजना चाहते थे।

3. विस्तार से उत्तर लिखिए–

क. दीपावली कब और कैसे मनाई गई?

उ. कार्तिक मास में दीपावली आई। रामा दीये और तेल ले आया। सब बच्चों ने मिलकर दीयों की बत्तियाँ बनाईं। सबने लक्ष्मी-गणेश जी की पूजा की और धूमधाम से दीपावली बनाई।

ख. सरदी के दिन कब आते हैं? तब बच्चे क्या महसूस करते हैं?

उ. माघ मास में सरदी के दिन आते हैं। नहाने पर ठंड लगती है। बच्चे ठंड से थर-थर काँपते हैं। दिन छोटे हो जाते हैं और रातें लंबी होती हैं।

ग. कौन-कौन से महीने गरमी के होते हैं? बच्चे इन महीनों में क्या-क्या करते हैं?

उ. बैशाख और जेठ गरमी के महीने हैं। बच्चे फव्वारों से खेलते हैं। स्कूलों की छुट्टियाँ पड़ जाती है। माँ जेठ की गरमी से बच्चों को सावधान करती है। बच्चे प्यासी गौरयों के लिए आँगन में पानी रखते हैं।

भाव स्पष्ट कीजिए–

क. बैशाख के महीने में गरमी आ जाती है। यह गरमी बच्चों को खूब सताती है। ये भोले-भाले बच्चे भी जान जाते हैं कि अब बादल हमें अपनी बौछारों से ठंडा करने नहीं आएँगे।

ख. बाबू जी बच्चों को नए साल में स्कूल जाने के लिए कहते हैं लेकिन माँ कहती हैं कि अभी तो ये छोटे हैं इन्हें घर में ही रहने दो। माँ की ममता बच्चों को खेलते हुए ही देखना चाहती है।

समझिए

व्याकरण संबोध

1. **पर्यायवाची लिखिए—**

मेघ	—	...बादल...	देव	—	...सुर...	माँ	—	...माता...
बिजली	—	...दामिनी...	घर	—	...गृह...	दीपक	—	...दीप...
फूल	—	...पुष्प...	मोर	—	...मयूर...	मास	—	...महीना...

2. **कविता में आए तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए—**

सावन	—	...श्रावण...	अषाढ़	—	...आषाढ़...	फागुन	—	...फाल्गुन...
भादो	—	...भाद्रपद...	कातिक	—	...कार्तिक...	चैत	—	...चैत्र...
बरस	—	...वर्ष...	पूस	—	...पौष...	जेठ	—	...ज्येष्ठ...